**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

## मेहनत, लगन से प्रदेश को उन्नति के नए शिखर तक ले जाएं- राज्यपाल

जयपुर,14 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 77वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपनी मेहनत, लगन और नवोन्मेष के बल पर देश और प्रदेश को उन्नति के नए शिखर तक ले जाने का आह्वान किया है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि स्वाधीनता के इस पावन पर्व पर राष्ट्र की एकता और स्वाभिमान का प्रतीक तिरंगा झण्डा अपने घर पर जरूर फहराएं।

-----------

## राजभवन में प्रातः 9.15 बजे होगा ध्वजारोहण

## राज्यपाल श्री मिश्र करेंगे झण्डारोहण

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र स्वाधीनता दिवस पर राजभवन में प्रातः 9.15 पर ध्वजारोहण करेंगे।

राज्यपाल श्री मिश्र राजभवन में उच्च प्राप्तांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ ही स्वाधीनता दिवस समारोह में विद्यार्थियों को मिठाई का वितरण भी करेंगे।

----

## राजभवन में एट होम का आयोजन शाम 5:45 पर

जयपुर, 14 अगस्त। स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की ओर से मंगलवार शाम 5ः45 बजे एट होम का आयोजन किया जाएगा।

------

**महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट**

जयपुर, 14 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के नवनियुक्त कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने मुलाकात की। नियुक्ति के बाद राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेट थी।

-------

**राज्यपाल से एकल साइकिल यात्री आशा मालवीय की शिष्टाचार भेंट**

जयपुर,14 अगस्त। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में 28 राज्यों से होकर एकल साइकिल यात्रा पर निकली खिलाड़ी सुश्री आशा मालवीय ने शिष्टाचार भेंट की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने महिला सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए देशभर में एकल साइकिल यात्रा के माध्यम से जागरुकता लाने की उनकी मुहिम की सराहना करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

-------